दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 02 अंक :- 06 मुरादाबाद 27April 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सीएम योगी आदित्यनाथ का सभी मंत्रियों और अफसरों को निर्देश, तीन महीने में सार्वजनिक करें अपनी तथा परिवार की संपत्ति



लखनऊ- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी दूसरी पारी खेल रहे योगी आदित्यनाथ बेहद जुदा रूप में हैं। मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ने के क्रम में अपने मंत्रि परिषद के साथ सभी शीर्ष अफसरों को मिशन क्लीन में शामिल किया है। एनेक्सी में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने मंत्रिपरिषद की बैठक में बड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों से तीन महीने में अपनी तथा परिवार की संपत्ति को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है। इतना ही नहीं इन सभी को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने इसमें सभी आइएएस, आइपीएस, पीसीएस तथा पीपीएस अफसरों से भी तीन महीन के अंदर उनकी सभी प्रकार की संपत्ति तथा पारिवारिक स्थिति का ब्यौरा मांगा है। मुख्यमंत्री ने मंत्रि परिषद की बैठक में कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जनप्रतिनिधियों के आचरण की शुचिता अति आवश्यक है। इसी भावना के अनुरूप सभी मंत्रीगण शपथ लेने के अगले तीन माह की अवधि के भीतर अपने और अपने परिवार के सदस्यों की समस्त चल-अचल संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा करें। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सभी मंत्रीगणों के लिए निर्धारित आचरण संहिता का पूरी निष्ठा से पालन किया जाए।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी मंत्रीगण यह सुनिश्चित करें कि शासकीय कार्यों में उनके पारिवारिक सदस्यों का कोई हस्तक्षेप नहीं हो।हमें अपने आचरण से आदर्श प्रस्तुत करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्री गण के साथ ही सभी लोक सेवक ( आइएएस, आइपीएस, पीसीएस व पीपीएस अफसर ) भी अपनी व परिवार के सदस्यों की समस्त चल/अचल संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा करे। यह विवरण आमजनता के अवलोकनार्थ ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाए।मंत्रिपरिषद के समक्ष सभी विभागों के सांगठनिक व्यवस्था से अवगत होते हुए विगत पांच वर्ष में विभाग की उपलब्धियों के परिचय के साथ सौ दिन, छह माह, एक वर्ष, दो वर्ष और पांच वर्ष की कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण संपन्न हो चुका है। अब इस कार्ययोजना को यथार्थ रूप देने का समय है। सभी माननीय मंत्रीगण विभागीय अधिकारियों का मार्गदर्शन करें। परियोजनाओं में गुणवत्ता और समयबद्धता को सुनिश्चित कराएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हम सभी को अंत्योदय के संकल्प को पूरा करने के लिए अभी से प्राण-प्रण से जुटना होगा।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी मंत्रीगणों को सोमवार व मंगलवार को अनिवार्य रूप से राजधानी में रहना होगा। शुक्रवार से रविवार तक अपने निर्वाचन क्षेत्र/ प्रभार के जिलों में जनता के बीच रहने का कार्यक्रम बनाएं।

## सपा विधायक शहजिल इस्लाम के मामले में बोले संजय लाठर, अन्याय पूर्ण तरीके से हुई पेट्रोल पंप पर कार्रवाई



बरेली- सपा विधायक शहजिल इस्लाम के पेट्रोल पंप पर चले बुलडोजर के बाद सपा द्वारा गठित टीम रामपुर रोड स्थित विधायक के पेट्रोल पंप पर पहुंची। टीम में उपस्थित नेता प्रतिपक्ष विधानसभा संजय लाठर ने कहा कि एनओसी होने के बाद भी सरकार ने अन्याय पूर्ण तरीके से सपा विधायक के पेट्रोल पंप को चिन्हित कर उस पर बुलडोजर चलाया है। सपा द्वारा गठित कमेटी ने पंप के सभी कागजों की जांच की है जो कि सही है।

### फतेहगंज पश्चिमी में बना है भाजपा नेता का पेट्रोल पंप

आतंक फैलाने की नीयत व कार्यकर्ताओं के मन में भय पैदा करने के लिए प्रदेश की योगी सरकार इस तरह के कृत्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ किलोमीटर दूरी पर फतेहगंज पश्चिमी में एक भाजपा नेता का पेट्रोल पंप बना है जिसमें तमाम अनियमितताएं हैं लेकिन उसके बाद भी सिर्फ सीलिंग की कार्यवाही की गई। प्रदेश सरकार केवल सपा से जुड़े लोगों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई कर रही है। हम इस मामले को विधानसभा में भी उठाएंगे।

### डीएम, एसएसपी से पूछेंगे, किसके आदेश पर चलाया बुलडोजर

संजय लाठर ने कहा कि हमने बरेली के जिलाधिकारी शिवकांत द्विवेदी व एसएसपी रोहित सिंह सजवाण को सर्किट हाउस में बुलाया था। बीडीए के बीसी किसी काम से बाहर है इस वजह से उनसे मुलाकात नहीं हुई। उनसे पेट्रोल पंप गिराने का कारण पूछा जाएगा। किसके आदेश पर पूरी कार्यवाही को अंजाम दिया गया इस बात की जांच भी करेंगे।

### सपा विधायक के बयान पर साधी चुप्पी, बोले- पेट्रोल पंप व्यावसायिक मामला

वही नेता प्रतिपक्ष सपा विधायक शहजिल इस्लाम के विवादित बयान के मामले में चुप्पी साध गए बोले पेट्रोल पंप का व्यवसायिक मामला है। इस दौरान सपा के जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम सुल्तानी, प्रमोद यादव, सुल्तान बेग, भगवत सरन गंगवार, वीरपाल सिंह, प्रवीण सिंह ऐरन, संजीव यादव, अशोक यादव समेत तमाम नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कांग्रेस से नहीं बनी प्रशांत किशोर की बात, सुरजेवाला बोले- पीके ने ठुकरा दिया ऑफर



कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा है कि प्रशांत किशोर ने कांग्रेस के ऑफर को ठुकरा दिया है और वह पार्टी में नहीं शामिल हो रहे हैं। बता दें कि कई दिनों से उनके कांग्रेस में शामिल होने की चर्चा गर्म थी।सुरजेवाला ने कहा, प्रशांत किशोर के साथ चर्चा और प्रजेंटेशन के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने एम्पावर्ड ऐक्शन ग्रुप 2024 का गठन किया और इसी के तहत उन्हें पार्टी में शामिल होने का ऑफर दिया गया। हालांकि उन्होंने कांग्रेस जॉइन करने से इनकार कर दिया। पार्टी को दी जाने वाली सलाह के लिए हम उनकी तारीफ करते हैं।प्रशांत किशोर ने भी ट्वीट करके कहा, कांग्रेस पार्टी ने मुझे एम्पावर्ड ऐक्शन ग्रुप में शामिल होने और चुनाव की जिम्मेदारी संभालने का ऑफर दिया था लेकिन मैंने इनकार कर दिया है। मुझसे ज्यादा इस समय पार्टी को सम्मिलित प्रयास और अच्छे नेतृत्व की जरूरत है जो कि इसकी जड़ों में बसी समस्याओं को खत्म कर सके।

### केसीआर की पार्टी से करार बना रोड़ा!

सूत्रों के मुताबिक पार्टी प्रशांत किशोर को पूरी स्वतंत्रता के साथ काम करने का अधिकार नहीं दे रही थी। दूसरी तरफ सूत्र यह भी बता रहे थे कि सोनिया गांधी ने प्रशांत किशोर से स्पष्ट कह दिया था कि वह किसी और दल के साथ काम नहीं करेंगे बल्कि पूरा समय कांग्रेस को देंगे। बताते चलें कि एक दिन पहले ही पीके की IPAC ने केसीआर के साथ करार किया है जिसके तहत कंपनी 2024 के विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति तैयार करेगी।

### क्या चाहते ते प्रशांत किशोर?

रिपोर्ट यह भी है कि प्रशांत किशोर चाहते थे कि वह सीधा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को रिपोर्ट करें। हालांकि उन्हें चुनावी तैयारियों के लिए बनाए गए ऐक्शन ग्रुप में जगह दी जा रही थी। दूसरी तरफ केसीआर की पार्टी के साथ IPAC का करार भी रोड़ा बना। हालांकि पीके पहले कह चुके हैं कि अब कंपनी के साथ उनका कोई लेना-देना नहीं है। फिर भी सर्वविदित है कि कंपनी के अहम फैसले उनके द्वारा ही लिए जाते हैं।

# फर्रुखाबाद में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

## दो शोरूम के अवैध कब्जे गिराए, धमकी देने वाले दो युवक हिरासत में

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




फर्रुखाबाद - सरकारी जमीन करनी होगी खाली फर्रुखाबाद6 घंटे पहले दो शोरूम के अवैध कब्जे गिराए, धमकी देने वाले दो युवक हिरासत में. CO सिटी बोलीं. सरकारी जमीन करनी होगी खाली.फर्रुखाबाद व्यापारियों ने अभियान के दौरान जताई नाराजगी। फर्रुखाबाद शहर में इन दिनों अतिक्रमण अभियान चल रहा है। प्रतिदिन कहीं न कहीं कार्रवाई हो रही है। शहर के मोहल्ला रामबाग में दो शोरूम का अतिक्रमण प्रशासन ने ढहा दिया। शोरूम मालिकों ने काफी विवाद किया दो युवकों ने सिटी मजिस्ट्रेट के सामने जान देने की धमकी दी तो उन्हें हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया गया। वही शोरूम के बाहर की सीडी और मकान की चारदीवार गिरा दी गई। बुलडोजर से गिराया अवैध कब्जा। रामबाग से अतिक्रमण हटाया सिटी मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव के नेतृत्व में शहर के मुख्य मार्ग पर रामबाग में अतिक्रमण हटाया गया। पालिका के दो बुलडोजर सुबह 8 बजे पहुंचे और पंजाब इलेक्ट्रॉनिक्स के बाहर शटर से मिलाकर करीब 7 फीट का अतिक्रमण ढहा दिया। इसके बाद मकान की बाउंड्री वाल में जब पालिका कर्मियों ने फीता डाला तो सरदार रणवीर का पुत्र रंजीत गुस्सा गया। उसने पालिका कर्मियों से फीता छीन कर फेंक दिया। इस दौरान गेट बंद कर बाहर खड़ा हो गया। सीओ सिटी मौके पर पहुंचे सूचना मिलते ही सीओ सिटी प्रदीप सिंह मौके पर पहुंचे उन्होंने समझाने का प्रयास किया, तो वह सब उठाने के बाद ही बाउंड्री वॉल तोड़ने की बात कहने लगा। सिटी मजिस्ट्रेट पहुंची तो सरदार रणवीर और उनके भाई विवाद करने लगे। सिटी मजिस्ट्रेट ने सख्त लहजे से रंजीत को पकड़ कर ले जाने की बात कही। इस पर पुलिस ने रंजीत को हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया। कुछ ही देर बाद सरदार बाग शोरूम के मालिक सरदार गुरबीर और उनका पुत्र हरमन शिव से बात करने पहुंचे। गुरबीर के जाने के बाद हरमन ने सीओ से कुछ कह दिया तो उसे भी जबरन कोतवाली भेज दिया गया। व्यापारियों ने अधिकारियों से की बहस। तो गिर जाएगी आधी इमारतें अतिक्रमण हटाने के बाद सीओ सिटी ने मिशन स्कूल के गेट पर खुदाई करवाई। यहां करीब 4 फीट नीचे एक बड़ा नाला दिखाई दिया। इस नाले का सीधा अतिक्रमण हटाया जाए तो पेट्रोल पंप तक सभी भवन आधे से अधिक गिर जाएंगे। बोले जिम्मेदार सीओ सिटी दीपाली भार्गव ने कहा सरकारी जमीन को हर हाल में खाली करना ही होगा । अब राजस्व की टीम के साथ नाप करा कर अवैध कब्जे हटवाए जाएंगे। क्रिश्चियन कॉलेज के बाहर की दुकानों का काफी हिस्सा सरकारी जमीन में आ रहा है। उन्हें भी खाली करने की हिदायत दे दी है।

# ओवर लोडिग के चक्कर मे फिर गई युवक की जान

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बांदा- जनपद की खपटिहा ग्राम पंचायत के गेट के बाहर पानी पीने के लिए रुके युवक को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बुरी तरह रौंद दिया। पैलानी थाना क्षेत्र के खप्टिहा कलाँ चौकी अंतर्गत कालेश्वर चौराहे के पास में पैलानी की ओर से आ रहे अनियंत्रित ट्रक की टक्कर लगने से 23 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत,परिजनों ने लगाया जाम। थाना क्षेत्र के पैलानी कस्बे का अशोक निषाद पुत्र राजू उम्र 23 साल अपनी चाची सीमा तथा नानी रामदुलारी को शहर से सामान लिवाकर बाइक से अपने गांव आ रहा था,रास्ते में कालेश्वर चौराहे कर पास में लगे हैंडपंप में पानी पीने लगा। तभी पैलानी की ओर से आ रहा अनियंत्रित ट्रक को देखकर उसने हैंडपंप के पास में बैठी नानी को हटा कर जैसे ही अपनी बाइक को हटाने लगा कि ट्रक ने टक्कर मार कर भाग गया।वही चौराहे में बैठे राहगीर,दुकानदारों ने तुंरत ही डॉयल 112 को जानकारी देकर खप्टिहा कलाँ इंचार्ज को भी अवगत करवाया।वही डॉयल 112 ने मौके पर आकर तुंरत ही टक्कर मारने वाले ट्रक का पीछा किया लेकिन वह भगने में सफल रहा। मृतक के परिजन छेदु निषाद ने बताया कि अशोक निषाद की चचेरी बहन रजनी की शादी आगामी 18 मई को होनी है जिसके लिए वह आज अपनी चाची एवं नानी को लेकर जेवरात खरीदने के लिए बाँदा गया था।
वहां से वापस आकर कालेश्वर चौराहे में पानी पीने के लिए खड़े हुए की पैलानी की तरफ से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया था जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई हैं।मृतक अपने घर मे दो भाइयों एवं एक बहन में सबसे बड़ा था।
मृतक की मौत से माँ पान कुमारी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।वही खप्टिहा कलाँ प्रभारी ओम प्रकाश द्विवेदी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वही परिजनों के द्वारा जाम भी लगाया गया।मौके पर सीओ सदर आनन्द कुमार पांडे भी पहुँचे वा पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाए जाने का भरोसा दिया।

# पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में चलाए गए अवैध शराब के विरुद्ध अभियान



हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में चलाए गए अवैध शराब के विरुद्ध अभियान में आज कमालगंज पुलिस ने एक अभियुक्त व एक महिला को अवैध शराब के साथ दबोच लिया वही मौके पर 1000 लीटर लहन को नष्ट कर दिया मिली जानकारी के अनुसार अमृतपुर क्षेत्राधिकारी अजय शर्मा के नेतृत्व मैं कमालगंज पुलिस अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर अभियुक्त आत्माराम पुत्र धर्मवीर उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम उदी नगला थाना कमालगंज व एक महिला को 30 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया कर लिया वहीं पुलिस मौके पर पुलिस ने 1000 लीटर लहन को नष्ट कर दिया

www.knlslive.com

# कौन बनेगा नन्हा कलाम प्रतियोगिता में माई होम की छात्रा दिव्या द्विवेदी व छात्र जीत राय आये अव्वल



पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जालौन -कौन बनेगा नन्हा कलाम प्रतियोगिता में माई होम की छात्रा दिव्या द्विवेदी व छात्र जीत राय आये अव्वल, दोनों ने पाए 90 प्रतिशत अंक, बनाया गया चीफ गेस्ट, कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन भी हुआ कोंच में अभी अप्रैल माह में जिला प्रशासन द्वारा कराई गई कौन बनेगा नन्हा कलाम प्रतियोगिता में माई होम विद्यालय की एक छात्रा व एक छात्र ने सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किये, दोनों ने ही बराबर अंक प्राप्त किये और विद्यालय में टॉप रहे। उनके टॉप रहने पर विद्यालय परिवार द्वारा खुशी जताई गई और उन्हें आज चीफ गेस्ट बनाया गया व कम्प्यूटर कक्ष का शुभारम्भ भी इन दोनों छात्र व छात्रा से करवाया। कोंच तहसील के भदारी के पास माई होम स्कूल में आयोजित हुई नन्हा कलाम प्रतियोगिता का परिणाम आ गया है। जिसमें की कक्षा 7 की छात्रा दिव्या द्विवेदी ने 90 प्रतिशत तो इसी क्लास के छात्र जीत राय ने भी 90 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय टॉप किया। विद्यालय में टॉप स्थान हासिल करने पर माईहोम स्कूल के स्टाफ ने खुशी जताई व एक-दूसरे को मिष्ठान भी वितरित किया गया। इसके बाद इन बच्चों से भी मिष्ठान अन्य बच्चों को वितरित करवाया। माई होम विद्यालय के जूनियर स्तर के छात्र जीत राय व छात्रा दिव्या द्विवेदी को विद्यालय परिवार द्वारा चीफ गेस्ट बनाया गया, विद्यालय परिवार के द्वारा इन छात्र-छात्राओं का बैज अलकंरण कर स्वागत किया गया। जिसके बाद छात्रा दिव्या द्विवेदी व छात्र जीत राय ने संयुक्त रूप से विद्यालय के कम्प्यूटर कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। सभी ने तालियाँ बजाकर स्वागत किया। इस मौके पर विद्यालय के एमडी सुनिलकान्त तिवारी, प्रधानाचार्य अखिलेश, शिक्षक अरुण, अंकुर, मंजू, मांगलिक, अंचल, अबधेश, आकांक्षा आदि ने इस छात्र व छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान नगर के धर्मेन्द्र बबेले, राजा तिवारी, अनिल तिवारी व अनिल नगाइच आदि मौजूद रहे। अबकी बार जिला स्तर पर परीक्षा देंगे यह दोनों छात्र-छात्रा कौन बनेगा नन्हा कलाम प्रतियोगिता में पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्रा को जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा में मौका मिलता है, ऐसे में अब इन दोनों छात्र-छात्रा को आगे के लिए काफी कड़ी मेहनत करना होगा। अपने स्कूल के शिक्षकों की मेहनत से किया यह मुकाम हासिल माई होम विद्यालय में कौन नन्हा कलाम प्रतियोगिता में विद्यालय में टॉप स्थान हासिल करने वाली छात्रा दिव्या द्विवेदी व छात्र जीत राय ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। दोनों ही छात्र व छात्रा इस दौरान काफी उत्साहित दिखे।

# राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन पर विकास भवन सभागार में वृहद कार्यशाला का आयोजन

## पाइप पेयजल योजना इण्डिया मार्का हैण्डपम्प से बेहतर -सीडीओ

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद -राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जिलापूर्ति विभाग उ0प्र0 जल जीवन मिशन हर घर जल योजना अर्न्तगत जनपद स्तर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा जल के सदुपयोग पर जोर दिया गया तथा लोगों में जागरुकता का संदेश देने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। जल जीवन मिशन 卐 हर घर जल योजनार्न्तगत जनपद स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मुख्य रुप से चयनित संस्था विंग्स लखनऊ के एक्सपर्ट /रिसोर्स पर्सन द्वारा जनपद स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के अर्न्तगत फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा जल जनहित बीमारियों के बचाव हेतु ग्राम सभा के सभी वर्गो के लोगों को समावेश कर प्रेरित किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री आनन्द वर्धन ने कहा कि योजना के अर्न्तगत की जा रही एक्टिविटी का निश्चित तौर पर सकारात्मक प्रभाव होगा। उत्तर प्रदेश एवं भारत सरकार के निर्देशों में तकनीकी टीम का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि गांव स्तर पर तकनीकी लोगों द्वारा प्रशिक्षण देकर जागरुक किया जाये। आई0ई0सी0 एक्टिविटी के माध्यम से जो कार्य जनपद में किया जा रहा है, वह बहुत महत्वपूर्ण है, इस योजना के अर्न्तगत जनपद के सभी राजस्व ग्रामों को संतृप्त किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पाइप पेयजल योजना, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प से बेहतर है। हर गांव में परियोजना में अलग-अलग स्तर पर कार्य किया जा रहा है, लोगों में योजना को लेकर अपनेपन की भावना विकसित होगी तो निश्चित तौर पर योजना भी सफल होगी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन हर घर जल योजनार्न्तगत फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित प्राथमिक /जूनियर विद्यालयों में स्वच्छता क्लबों का गठन कराते हुए स्कूल स्वच्छता एवं स्वास्थ्य, शिक्षा कार्य देखने के लिए कोर कमेटी सफाई के प्रति जन जागृति उत्पन्न करने पेयजल एवं स्वच्छता संबंधित घटकों को नियमित रुप से अपनाने हेतु कोर कमेटियां गठित करायी जाएंगी, जिनके माध्यम से जनपद की मस्त ग्राम पंचायतों में स्वच्छता क्लब का गठन एवं संबंधित गतिविधियों का आयोजन यथा शुद्ध पेयजल का उचित रख-रखाव, साफ-सफाई एवं शौचालय का निर्माण एवं उसका उपयोग आदि कार्य कराये जाएंगे। ब्लाक प्रमुख सदर श्री मनीष कुमार ने कहा कि नुक्कड नाटक के माध्यम से इस क्षेत्र में काफी परिवर्तन आ सकता है और लोग जागरुक होकर पानी के महत्व को समझने लगेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक यह कार्य योजना पूर्ण न हो तब तक इस प्रकार की एक्टिविटी चलती रहे ताकि लोगों में जल के सदुपयोग के प्रति जागरुकता पैदा हो।

उन्होंने बताया कि जनपद में 251 तालाबों का 6 मई से जीर्णोद्वार का जो कार्य अभियान चलाकर किया जा रहा है वह इस क्षेत्र के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि तालाब के जीर्णोद्वार के साथ वाटर हार्वेस्टिंग योजना भी संचालित की जाये ताकि पानी का सदुपयोग हो सके। परियोजना निदेशक श्री सतीश प्रसाद मिश्र ने परियोजना के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि लोगों में जल के प्रति जागरुकता को विकसित करना होगा कि जल कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि बुंदेलखण्ड में पानी की समस्या थी किन्तु केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से वहां पर पानी की काफी समस्या हल हो गयी है। जिला विकास अधिकारी ने कहा कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन का उद्देश्य पेयजल आपूर्ति के स्त्रोतों को भविष्य के लिए सुरक्षित बनाना तथा ग्रामीण अंचल में पीने योग्य पानी की जलापूर्ति हेतु पाइप लाइन योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु जन जागरुकता उत्पन्न करना है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम श्री फराहिम अहमद ने कार्यशाला में आये अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों सभी का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में योजना का क्रियान्वयन समयबद्ध एवं गुणवत्तायुक्त ढ़ंग से करने में कोई कसर नही छोडी जाएगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सहायक जिला विकास अधिकारी, ए0ई0 एवं जेई तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# समाजसेवी रघुराज यादव के रोजा इफ्तार में उमड़े लोग



मुरादाबाद-समाजसेवी रघुराज सिंह यादव ने हिंदू-मुस्लिम एकता व सौहार्द को बनाए रखने के लिए रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के तौर पर सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान व शहर इमाम मौलाना सदाकत हुसैन पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से हिंदू-मुस्लिम एकता बनी रहती है। इस दौरान राजू चौहान, लक्ष्मण ठाकुर, विकास यादव, अविनाश यादव, विजय वीर प्रजापति, सिद्धार्थ सिंह, अनिल ठाकुर, अरविंद ठाकुर, लक्ष्मी, अनुज, संजीव ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# सुबह से ही सज गया मंगल बाजार, देर रात तक उमड़ी भीड़



मुरादाबाद-मुरादाबाद में ईद सोमवार अथवा मंगलवार को तय मानी जा रही है। इसीलिए ईद से पहले का आखिरी मंगल बाजार रहा। सुबह से ही मंगल बाजार में जबरदस्त भीड़ रही। बाजार भी और दिनों की अपेक्षा अधिक दूर तक फैला रहा। बर्तन बाजार और कटरानज तक जो दुकानें बंद रहीं उनके आगे भी फड़ और ठेले लगे रही। इन पर दिनभर भीड़ रही। तपतपाती धूप भी लोगों को नहीं रोक सकी। सामान्य दिनों में फड़ और ठेले वाले शाम पांच बजे के बाद बाजार पहुंच रहे थे।

मंगल बाजार होने के कारण इन्होंने सुबह से ही फड़ें और ठेले सजा लिए। उधर साप्ताहिक बंदी के बाद भी ईद की बिक्री के लिए रेडीमेड कारमेंट, जूता-चप्पल की दुकानें और फड़े सौंदर्य प्रसाधन के सामान की दुकानें, क्राकरी की दुकानें और फड़ों के साथ घरों को सजाने के सामान की दुकानें खुली रहीं। दुकानें खुलने के साथ ही बाजार आने की भीड़ का सिलसिला भी शुरू हो गया।

यह चिलचिलाती धूप में भी जारी रहा। शाम होने तक भीड़ बढ़ती गई। बाजार में वाहन चलना तो दूर पैदल चलना भी दुश्वार हो गया। बाजार गंज बाजार, कोतवाली टाउन हाल, चौमुखा पुल, अमरोहा गेट, असालतपुरा चौराहा, बर्तन बाजार, कटरानाज, रेती मोहल्ला तक फैला रहा। असालतपुरा चौराहे के दुकान दार अशरफ अली ने बताया बाजार अब तक रात एक बजे तक खुल रहा था।

# झोलाछाप के गलत इंजेक्शन से महिला अपंग, मुकदमा

मुरादाबाद-छजलैट इलाके के लदावली की रहने वाली महिला को झोलाछाप की तरफ से गलत इंजेक्शन लगा देने का मामला सामने आया है। गलत इंजेक्शन लगाने की वजह से महिला के हाथ में गंभीर संक्रमण हो गया। चिकित्सकों ने उसका हाथ काटने की नौबत आने की बात कही है। लदावली निवासी बचन सिंह की पत्नी झोलाछाप के गलत इंजेक्शन से पीड़ित हुई। अगवानपुर के शेरूआ चौराहा निवासी सुमन और देशराज इस मामले में आरोपी हैं। पीड़ित की तरफ से जिलाधिकारी से शिकायत करने पर मामला सामने आया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.मिलिंद चंद्र गर्ग ने टीम भेजकर झोलाछाप शेरूआ चौराहा पर संचालित सुमन व देशराज के क्लीनिक को सील करा दिया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.अजय शर्मा ने बताया कि झोलाछाप के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में मुकदमा कराया गया है। पीड़ित महिला का दिल्ली स्थित सरगंगाराम अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से उसकी यथासंभव मदद सुनिश्चित कराई जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्व से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# The battle against Corona continues

There is no doubt that the corona vaccine has worked better in the direction of prevention of the epidemic. 5.12 billion people, meaning 66.7 percent of the world's population, have received at least one dose of the vaccine. 60 percent of the world's people have been fully immunized and 24 percent have received a booster dose. It is also interesting in itself that 99 percent of the people in the United Arab Emirates, the world's topmost country, have been fully vaccinated, while in countries like Burundi and Congo, even one percent of the people are not fully vaccinated.

In India, 62 percent of people have received both doses and about two percent are about to have a booster dose. In India these days, on the one hand, there is talk of increasing cases of corona, while on the other hand, preparations are also going on to give corona vaccine to children of five years to 11 years. An expert panel of the Drug Controller General of India has recommended emergency use of the vaccine for children in the age group of 5 to 11 years.“Developed by Hyderabad-based firm Biological-E, Corbevax is India's first indigenously developed RBD protein sub-unit vaccine against COVID-19. It is worth noting that from March 16 this year, only children aged 12 to 14 are being given Corbevax.

By the way, America is leading in the vaccination of children. There, vaccination of children above the age of five had started in December itself and after the month of June, children below five years of age would also get the vaccine. In the UK, only children over the age of five are being vaccinated, who are physically weak. It has become necessary to vaccinate children in India, as schools have opened and their vaccination has become widely necessary. Corona cases have increased in the last week and masks have returned in many areas apart from the National Capital Region. There remains concern about this new return of infection.

Right now the fourth wave of corona has created tension in many countries of Asia and Europe. This time there are more cases of Omicron BA1, BA2 and XE variants of Corona. The condition of the patients is not deteriorating much, but the potential for infection is very high. The infection is spreading rapidly, as a result, China has refused to even open windows to people in many of its cities. Corona should not be taken lightly. China, which is giving the highest dose to its people in the world, is also not convinced, despite the use of 3.32 billion doses, it has needed a very strict lockdown, so the risk of infection is understandable. India ranks second in the world in terms of providing the highest number of doses to its people.

India, which has given 1.87 billion doses, should not be reassured. Corona is a strange disease, scientists are still not able to fully identify it. A person in England has left the world after being corona positive for 505 days. What kind of epidemic is this, people are gripping in different clutches. Therefore, considering this war is not over yet, there is a need to pay more attention to scientific research, drug and vaccine development.

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# Neha Dhupia did yoga with her six-month-old son Gurik, from Katrina Kaif to these stars commented

Neha Dhupia and her husband Angad Bedi became parents for the second time only a few months back. Neha Dhupia gave birth to a baby boy a few months back. She often shares cute pictures and videos with her husband Angad Bedi and kids on social media. Recently, Neha Dhupia has shared many cute pictures on social media while doing yoga with her little son Gurik. After seeing these pictures, the fans along with the stars are showering a lot of love on six-month-old Gurik Singh Bedi. Little Gurik seen doing yoga with mother Neha Dhupia - Stars and fans showered love fiercely - These pictures posted by Neha Dhupia are becoming very viral on social media and people as well as stars are very much liked. Commenting on Karisma Kapoor, wrote, 'Very cute'. Amy Virk wrote, 'Very beautiful photo sister-in-law'. From Dia Mirza to Katrina Kaif, Saba Ali Khan, many stars showered love on this cute bonding of Neha Dhupia and her son. The fans also did not hold back from showering their love on little Gurik. One fan wrote, 'This picture made my day'. Another user wrote, 'So cute'. Another wrote, 'You are a very good mother'. These pictures have got more than 61 thousand likes so far. Neha Dhupia shared her Monday motivation while doing yoga on Instagram. Neha Dhupia is seen giving company to her son Gurik while doing yoga. In these pictures posted by Neha on Instagram, the actress is seen doing yoga on a yoga mat in a yellow T-top and blue jeggings and in front of her mother, little Gurik is also seen doing the same yoga pose like Neha Dhupia. . Neha has shared three to four pictures on her Instagram. Sharing these pictures, Neha Dhupia wrote in the caption, 'My Monday Motivation'. In 2018, Neha Dhupia, who was seen in many films like Qayamat, Rakt, Julie, Chup-Chup Ke, married Angad Bedi secretly in the year 2018. Only family members were present in his marriage. It is said that at the time when Neha Dhupia got married, she was pregnant. After a few months of marriage, Neha Dhupia gave birth to her first child, daughter Mehr, and on October 3, 2021, both became parents for the second time.



# Ameesha Patel embroiled in controversies after coming to Khandwa

Khandva. Film actress Amisha Patel has been embroiled in a controversy over her participation in an event in Khandwa, Madhya Pradesh. Film star Ameesha Patel's fans are angry about the fact that she came here on April 23 to participate in the film Star Night with lakhs of rupees, but left after performing only five minutes on stage. Disappointed with the program, people have given a complaint application to the police against Amisha, requesting to register a case of cheating against her. On the other hand, Amisha Patel tweeted in this matter, accusing the organizers of very bad arrangements and said that my life felt threatened there, thanks to Khandwa police who gave me security. Film actress Ameesha Patel had come on the night of 23 April to attend the film Star Night organized at Navchandi Mela in Khandwa. Due to the restrictions of Corona, this event could not be held for two years.



# मासिक समीक्षा बैठक पुलिस लाइन स्थिति सभागार कक्ष में आयोजित

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अपर पुलिस अधीक्षक अपराध/नोडल अधिकारी जनपद एटा श्रीमती स्नेहलता के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सकीट श्री विक्रांत द्विवेदी की उपस्थिति व एसजेपीयू प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार की उपस्थिति



में एएचटीयू/एसजेपीयू की मासिक समीक्षा बैठक पुलिस लाइन स्थिति सभागार कक्ष में आयोजित की गयी जिसमें सीडब्लूसी अध्यक्ष आनंद पांडे, जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुखवीर सिंह, वन स्टॉप सेन्टर मैनेजर ललिता सिंह, डायरेक्टर चाइल्ड लाइन हरिओम वर्मा सहित जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारियों तथा प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें बाल सुरक्षा/संरक्षण के सम्वन्ध में व्यापक चर्चा हुई। बाल भिक्षावृत्ति, बाल श्रम, बाल विवाह, तथा बच्चो के उत्पीडन, तस्करी के सम्बन्ध में बच्चो के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस कर्मियों को किशोर न्याय अधिनियम 2015 के संबंध में जानकारी दी गई तथा इसका पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## विवेचक गणों को वर्चुअल क्लास के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अपर पुलिस महानिदेशक ( प्रशिक्षण ) उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं अन्य विशेषज्ञों द्वारा वर्चुअल क्लास के माध्यम से " Use of Forensic science in bank Fraud case " के विषय पर जनपद के विवेचकगणों को विवेचना संबंधी वैज्ञानिक तरीकों/साक्ष्य के बारे में प्रशिक्षित किया गया, जिसमें श्रीमती स्नेह लता अपर पुलिस अधीक्षक अपराध, श्री राजकुमार क्षेत्र अधिकारी अलीगंज एटा एवं शहरी क्षेत्र के-02 दो प्रभारी निरीक्षक व 10 विवेचक एवं ग्रामीण क्षेत्र के 02 प्रभारी निरीक्षक व 10 अन्य विवेचक तथा क्राइम ब्रांच के समस्त विवेचक उपस्थित रहे।

## शिक्षा विभाग को मिली ग्राट, रसोइयों को जल्द मिलेगा मानदेय

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-लगभग 5 महीने से बजट उपलब्ध ना हो पाने के कारण मानदेय का इंतजार कर रही जिले की हजारों रसोईया महिलाओं को फिलहाल राहत मिलेगी। मानदेय के लिए शासन से विभाग को बजट उपलब्ध हो गया है। लगातार कई महीने से मानदेय न मिल पाने के कारण रसोईया महिलाओं में आक्रोश बना हुआ था। बजट प्राप्त होते हैं विभाग में मार्च तक का मानदेय खातों में भेजे जाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। जिला समन्वयक मिड डे मील अमित चौहान ने बताया है कि इस सप्ताह तक महिलाओं को मानदेय मिल जाएगा।

## घर से नाराज होकर अपने बच्चो सहित निकले व्यक्ति को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- आपरेशन मुस्कान के तहत कस्बा अवागढ से घर से नाराज होकर अपने बच्चो सहित निकले व्यक्ति को थाना अवागढ पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया। दिनांक 17.04.2022 को श्रीमती श्वेता पत्नी अरुनिधी गुप्ता निवासी कस्बा व थाना अवागढ जिला एटा द्वारा थाना अवागढ़ पर सूचना दी गयी कि उनके पति अरुनिधि गुप्ता घर से नाराज होकर अपने दो बच्चो युवराज व शिव को लेकर कही निकल गए हैं। इस सम्बन्ध में थाना अवागढ पर गुमशुदगी दर्ज कर गुमशुदा की तलाश व बरामदगी हेतु पुलिस की दो टीमे गठित गयी। टीमों द्वारा किये गये प्रयासो के उपरान्त गुमशुदा व्यक्ति अरुनिधि व बच्चे युवराज व शिव को आज दिनांक 25.04.2022 को साय करीब 14.00 बजे एटा बस स्टैण्ड के पास से सकुशल बरामद किया गया। पूछताछ में यह बात सामने आयी कि गुमशुदा व्यक्ति अपनी पत्नी से मनमुटाव के चलते घर से नाराज होकर चला गया था। गुमशुदा को बरामदगी के उपरान्त उसके परिजनो को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनो के अतिरिक्त कस्बा अवागढ के लोगो द्वारा भी पुलिस द्वारा गुमशुदा को बरामद किये जाने पर भूरि - भूरि प्रंशसा की गयी।

## एक टूटे हुए परिवार को फिर से मिलाकर एक किया गया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- परिवार परामर्श केंद्र-जनपद एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र/नारी उत्थान केंद्र में आज एक टूटे हुए परिवार को फिर से मिलाकर एक किया गया। मामला प्रिया पत्नी विमल निवासी ग्राम चिलासनी थाना कोतवाली देहात जिला एटा व उनके पति विमल सिंह पुत्र उमराव सिंह निवासी उपरोक्त के मध्य का है। पति-पत्नी में आपसी विवाद चल रहा था। जिसके चलते प्रिया अपने मायके में पिता के घर रह रही थी। आज दोनो पक्षों को बुलाकर वार्ता की गई तथा दोनो पक्षों को अथक प्रयास कर



समझाया गया तो दोनों पक्ष अपनी गलतियों को सुधार कर साथ रहने को तैयार हो गए। आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना नंदनी सिंह व हैड कांस्टेबल मिथिलेश ,मीना, कॉन्स्टेबल सुधा,रजनी वर्मा धर्मवीर सिंह मौजूद रहे।

## 3 माह का मानदेय न मिलने से सफाई कर्मचारियों ने की हड़ताल




योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आदर्श नगर पंचायत निधौली कला जनपद एटा में आउट सोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने 3 माह का वेतन न मिलने के कारण अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी है। एक सफाई कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें लगातार 3 माह का वेतन नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण वह अपना परिवार भरण पोषण करने में असहाय महसूस कर रहे हैं ,और उन्हें कर्ज लेकर अपने परिवार का भरण पोषण करना पड़ रहा है ।उन्होंने अध्यक्ष नगर पंचायत से और अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत से वेतन की मांग की। इस पर अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के बीच इसी बात को लेकर विचार न मिलने के कारण वेतन मानदेय मंजूरी नहीं कर पा रहे हैं । सूत्रों ने बताया कि नगर पंचायत निधौली कला में तत्कालीन अधिशासी अधिकारी नामित किए गए हैं वह तीन कर्मचारियों का अतिरिक्त वेतन निकालने की चर्चा नगरपालिका बनी हुई है इस कारण अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के बीच असमंजस बना हुआ है। दूसरी ओर नगर पंचायत में अनिश्चितकालीन हड़ताल के साथ ही अध्यक्ष नगर पंचायत अपनी ही सरकार और अपने जिला प्रशासन के खिलाफ अधिशासी अधिकारी की मनमानी के चलते धरने पर बैठ सकते हैं ऐसा सूत्रों ने बताया ।सूत्रों की माने तो चेयरमैन ने जिला प्रशासन से भी मांग की है और कहा है कि अगर सफाई कर्मचारी जल्द सेअपने काम पर वापस नहीं लौटे और उनका मानदेय नहीं दिया गया, तो उनके हक की लड़ाई के लिए चेयरमैन स्वयं ही अपने अधिशासी अधिकारी के खिलाफ धरने पर बैठ सकते हैं।

## 03 जुआरी जुआ खेलते हुए गिरफ्तार, 1510 रूपये व ताश पत्ता बरामद



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- थाना मारहरा पुलिस को मिली सफलता, 03 जुआरी जुआ खेलते हुए गिरफ्तार, 1510 रूपये व ताश पत्ता बरामद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सदर श्री राघवेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में अवैध जुआ व सट्टा के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना मारहरा पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए 1510 रुपये? व ताश पत्ता सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। घटनाक्रमानुसार दिनांक 25.04.2022 थाना मारहरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 03 जुआरियों को 1510 रुपये 52 ताश पत्ता सहित शमसाद के मकान के सामने खण्डर मौ0 शीषग्राम कस्बा मारहरा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना मारहरा पर मुअसं- 65/22 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर भड़के ग्रामीणों ने भाजयुमो के साथ किया सड़क जाम

## विभागीय अधिकारी के लिखित आश्वासन पर माने ग्रामीण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दतिमा मोड़- एक तरफ़ जहां गर्मी अपना तेवर दिखा रहा है तो वहीं दूसरी ओर लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे ग्राम पंचायत राई (असनापारा) के ग्रामीणों ने भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल, अजजा मोर्चा अध्यक्ष धर्मपाल पैकरा, किसान मोर्चा महामंत्री पारस पैकरा के नेतृत्व व भाजपा अध्यक्ष सुभाष राजवाडे, किसान नेता सुनील साहू, भाजपा महामंत्री रमेश गुप्ता की उपस्थिति में दतिमा से होकर गुजरने वाली लटोरी मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। बता दे कि आधा घण्टे तक सड़क जाम रही। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को लिखित आश्वासन दिए। जिसके बाद चक्काजाम हटाया गया और वाहनों का अवागमन शुरू हो सका। जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर भैयाथान ब्लाक के राई (असनापारा) में लंबे समय से लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने लो-वोल्टज की समस्या से विद्युत विभाग के अधिकारियों को और पूर्व में भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से कलेक्टर को लिखित रूप से अवगत कराया था व सप्ताह भर के भीतर किसी प्रकार का सुनवाई नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी जिसके बाद भी समस्या का हल निकल सका, लेकिन इसके बाद भी लो-वोल्टेज की समस्या जस की तस बनी रही। इससे परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को गांव लटोरी जाने वाली सड़क पर चक्काजाम कर दिया और मार्ग में लंबा जाम लग रहा। चक्का जाम के दौरान प्रशासन से तहसीलदार अंकिता तिवारी, जेई भटगांव संजय कुमार पटेल, सीएसपी जेपी भारतेंदु, ट्रेनी आईपीएस संदीप पटेल, शिव कुमार खुटे, चौकी प्रभारी करंजी संजय गोस्वामी की टीम मौजूद रही। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक साल से लो वोल्टेज की समस्या है। बिजली से चलने वाले उपकरण लो-वोल्टेज के कारण खराब हो रहे हैं। जिससे परेशान होकर हमें चक्काजाम करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। गांव के निवासी भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल ने बताया कि लो-वोल्टेज के कारण ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लो-वोल्टेज के कारण खेतों में लगे बोर पंप नहीं चलते हैं, जिससे खेतों में लगी फसल भी सूखने लगी है। इस समस्या को लेकर पहले भी विद्युत विभाग अवगत कराया गया था, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं किया गया और न ही ट्रांसफार्मर लगाई गई। आधे घण्टे चक्का जाम के बाद मौके पर पहुचे जेई संजय कुमार पटेल ग्रामीणों की समस्या सुनी और जल्द ही समस्या का निराकरण करने का लिखित आश्वासन दी गई। जिसके बाद जाम हटाया जा सका। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित भाजयुमो जिला मंत्री संतलाल प्रजापति, सरपंच ग्राम राई दुर्गा पैकरा, मंत्री जयप्रकाश यादव, तुलेश्वर राजवाडे, राजेश पैकरा, जगदीश पैकरा, भोला यादव, संजय देवांगन, ललित राजवाडे, भाजयुमो मीडिया प्रभारी राजेन्द्र पाटले, खेलसाय,रामचंद्र जायसवाल, लक्ष्मी पैकरा,पूरन राजवाडे, भाजयुमो के रोहित जायसवाल, विनय यादव, भोला पैकरा, लाली पैकरा, राजेश राजवाडे, रमेश पैकरा, संतोष राजवाडे,जय सिंह, अतवार पैकरा, नंदा पैकरा, वीर साय पैकरा, अनुज पैकरा, मेघनाथ पैकरा, रामेश्वर पैकरा, शिवप्रसाद पैकरा, राजलाल पैकरा, लालजीत पैकरा, समेलाल,चितम्बर पैकरा, रितेश पैकरा, गोवर्धन पैकरा, हरकलाल पैकरा, ओमप्रकाश, कैलाश पैकरा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन सूची जारी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कार्यालय आयुक्त, पदेन सचिव छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय आश्रम एवं शैक्षणिक संस्थान समिति नवा रायपुर द्वारा जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिवप्रसादनगर, ओड़गी, प्रतापपुर तथा प्रेमनगर के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 03 अप्रैल 2022 दिन रविवार को आयोजित किया गया था, जिसके आधार पर मेरिट सूची तथा आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए अभ्यार्थी के विद्यालय चयन वरीयताक्रमानुसार संस्था आबंटित किया गया है। विद्यालय हेतु कुल स्वीकृत सीट का 10 प्रतिशत सीट आरक्षित है जिस छात्र के पिता नही है, अनाथ है के संबंध मे दावा आपत्ति प्रस्तुत किए है वे एक सप्ताह के अंदर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय सूरजपुर में अपना प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत करे। चयनित अभ्यार्थी समस्त दस्तावेज के साथ 25 अप्रैल से 10 मई 2022 तक चयनित, आबंटित विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करा सकते हैं। शेष छात्रों की सूची व प्रतिक्षा सूची पृथक से जारी किया जायेगा। प्रवेश लेने हेतु विद्यालय - एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिवप्रसादनगर (बालक) वि.ख. भैयाथान, संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ओड़गी वि.ख. ओड़गी, संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रतापपुर वि.ख. प्रतापपुर, कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रेमनगर वि.ख. प्रेमनगर । आवश्यक दस्तावेज - कक्षा पांचवी अंकसूची की छायाप्रति, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति, छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, अनुसूचित जनजाति का स्थायी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड का छायाप्रति, पासपोर्ट फोटो (03 नग), सरपंच द्वारा जारी दूरी प्रमाण पत्र की मूल प्रति, जिला चिकित्सालय बोर्ड का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र की मूल प्रति, विद्यार्थी का बैंक खाता की छायाप्रति एवं बटन फाईल

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 6 मई को

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर के द्वारा 6 मई 2022 को समय 10.30 बजे से 2.00 बजे तक लाइवलीहुड कॉलेज परी सूरजपुर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन लिमिटेड अम्बिकापुर जिला- सरगुजा छ.ग. के द्वारा निम्न पदों हेतु भर्ती किया जाना है। रिक्त पदों में लाइफ मित्रा के लिए 25 पद एवं पाइर ऑफ सेल्स परसन के 15 पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं पास उम्र 18 से 50 वर्ष तथा यूनिट मैनेजर (प्रोजेक्ट शक्ति) के 05 एवं यूनिट मैनेजर (प्रोजेक्ट शिवा) के 05 पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन उम्र 21 से 40 वर्ष, जिनका कार्यस्थल अंबिकापुर निर्धारित किया गया है। इच्छुक ऐसे आवेदक जो उपरोक्त योग्यता रखते हैं वे अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंक सूची, निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन कार्ड आदि की मूल प्रति एवं पासपोर्ट साईज की दो फोटो के साथ 6 मई दिन शुक्रवार को शिविर में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते है।

# मनरेगा अंतर्गत चल रहे दांडी यात्रा में सूरजपुर जिले के कर्मचारी हुए सम्मिलित

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-जिला सूरजपुर के जिला पंचायत सदस्यों के द्वारा हड़ताली मनरेगा कर्मचारियों को किया समर्थन आपको अवगत हो की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कार्यरत सभी कर्मचारियों के द्वारा 2 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 अप्रैल 2022 से हड़ताल एवं धरना पर हैं। आज हड़ताल धरना प्रदर्शन का 24वा दिन है फिर भी सरकार के द्वारा कोई पहल नहीं किया जा रहा है जिसके विरोध में मनरेगा कर्मचारियों के द्वारा दंतेवाड़ा से रायपुर हेतु दांडी यात्रा, पैदल मार्च किया जा रहा है जिसके समर्थन में सूरजपुर जिले के अधिकारी कर्मचारी भी दांडी यात्रा में सम्मिलित होकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक मनरेगा कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इसी क्रम में मनरेगा कर्मचारियों के समर्थन हेतु जिला सूरजपुर के जिला पंचायत सदस्य श्रीमति लक्ष्मी राजवाड़े, श्रीमती गीता जायसवाल, श्री अजय श्याम, महेश्वर पैकरा द्वारा आज दिनांक 26 अप्रैल 2022 को धरना स्थल के मंच पर आकर अपना पूर्ण समर्थन दिया और उनके द्वारा बोला गया की मनरेगा कर्मचारियों का यह मांगे पूर्णता जायज है जिसे सरकार को जल्द से जल्द इनकी मांगों को पूरा करना चाहिए। उनके द्वारा बताया गया कि मनरेगा कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से लाखों मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल पा रही है। जिससे मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे जिले में पलायन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिला पंचायत के सदस्यों के द्वारा माननीय श्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री महोदय जी को इनकी मांगों को लेकर उन्हें पत्र के माध्यम से 2 सूत्री मांगों जैसे 1. चुनावी घोषणा पत्र को आत्मसात करते हुए समस्त मनरेगा कर्मियों का नियमितीकरण किया जावे। 2. नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होते तक रोजगार सहायकों का ग्रेड पे निर्धारण कर समस्त मनरेगा कर्मियों पर सिविल सेवा नियम 1966 के साथ पंचायत कर्मी नियमावली लागू किए जाने के लिए पत्र भेजकर मुख्यमंत्री महोदय जी को अवगत कराया गया है और उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूर्ण करने को कहा गया है। ताकि मनरेगा कर्मचारियों की वापसी के बाद मनरेगा मजदूरों को प्रति दिवस उनको मजदूरी मिल सके और जिले में पलायन की स्थिति उत्पन्न ना हो। राज्य शासन के दबाव पर बिना सरपंच सचिव के हस्ताक्षर के डिमांड तो निकाला जा रहा है आने वाले दिनों में उन मस्टर रोल का जिम्मेदारी लेने वाला कोई नही है जिस कारण किसी भी ग्राम पंचायत में कोई भी मजदूर कार्य नहीं कर रहे है यह बहुत ही चिंतनीय विषय है

## प्रचार्य छब्बीलाल अहिरवार के द्वारा अम्बेडकर समिति को आमत्रित किया





रोशन उईके
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एमपी- तामिया के धूसावानी माडल स्कूल बना वास्तव मे माडल यह मुमकिन हुआ यहा पदस्थ प्रचार्य श्री छब्बीलाल अहिरवार के यथक प्रयासों से लगभग सात बर्षो से अपनी सेवाएं दे रहे माडल स्कूल धूसावानी मे मध्यप्रदेश के राज्यपाल से सम्मानित हो चुके अपने शिक्षण कार्यों के चलते एकमात्र प्रचार्य को छोडकर सभी अथिति शिक्षक पदस्थ है फिर भी 100त्न रिजल्ट लाते है यहा पढने वाले बच्चे समय समय पर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी को बुलाकर स्कूल का भ्रमण कराया जाता ताकि लोगों मे प्रेणा जाये यहा पर बच्चों को पढने भेजे आज प्रचार्य छब्बीलाल अहिरवार के द्वारा अम्बेडकर समिति को आमत्रित किया गया सम्मानित किया नन्नी बालिकाओं द्वा सास्कृतिक कार्यक्रम आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया आज के कार्यक्रम मे उपस्थित रहे सुश्री माया धुर्वे, प्रभा कुरेश डेहरिया,जनपद अध्यक्ष उजरसिह भारती,आकाश मडराह,रोशन उईके, डा.वाशनिक, स्कूल के स्टाफ,बच्चे मौजूद रहे।

## पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी के द्वारा प्रदेश के खेलकूद मंत्री गिरीश चंद्र यादव को पत्र भेजते हुए मांग की

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बांदा- भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी के द्वारा प्रदेश के खेलकूद मंत्री गिरीश चंद्र यादव को पत्र भेजते हुए मांग की है कि निजी शिक्षण संस्थानों में खेलकूद विभाग के द्वारा छात्र छात्राओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित कर उन्हें उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार खेल खिलाए जाने के लिए बनाए गए, मानकों की जांच कराई जाए। पूर्व जिला अध्यक्ष ने भेजे गए पत्र में कहा है कि प्राइवेट स्कूलों के द्वारा बच्चों को उनकी क्षमता के अनुसार ना तो खेल खिलाए जाते हैं और ना ही विद्यालयों में मानक के अनुसार खेल का मैदान, इंडोर कोर्ट, आउटडोर कोर्ट ही तैयार की गई।जिससे बच्चों को खेलकूद के प्रति न तो जागरूक किया जाता है और न ही प्रतिदिन खेलकूद की गतिविधियां संचालितकी जाती है। मनमानी कॉपी किताब के भारी स्कूल बैग के कारण स्पोर्ट्स में रुचि दिखाई जा रही है। श्री अशोक त्रिपाठी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि सीबीएसई बोर्ड,आईसीएसई बोर्ड, राज्यबोर्ड, बेसिक शिक्षा आदि से मान्यता प्राप्त निजी शिक्षण संस्थानों में खेलकूद के मैदान मानक के अनुसार हैं अथवा नहीं, प्रतिदिन खेल खिलाए जाते हैं अथवा नहीं ,खेल शिक्षक हैं अथवा नहीं, प्रतिदिन की समय सारणी में प्री नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के लिए किस-किस पीरियड में बच्चों को खेल कूद कराए जा रहे हैं? 8 बिंदुओं की जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि ऐसे निजी शिक्षण संस्थानों की प्रस्तर बार जांच कराकर समुचित कार्यवाही के लिए विद्यालयों की मान्यता और नियंत्रण प्राधिकारियों को समुचित कार्यवाही के लिए दिशानिर्देश जारी किए जाएं। और खेलकूद के मानकों को पूर्ण करा कर बच्चों को खेलकूद के प्रति उत्साहित करने की दिशा में प्रतिदिन खेलो इंडिया के अंतर्गत सकारात्मक प्रयास किया जाए। पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ने अपने पत्र की प्रतिलिपि प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह को भी भेजी है जिसमें उन्होंने सुझाव दिया है कि सभी निजी शिक्षण संस्थानों में खेलकूद विभाग के अनुसार तय मानकों, खेल मैदान की जांच कराकर अग्रसर कार्यवाही की जाए। प्रारंभ से ही बच्चों को यदि खेलों के प्रति जागरूक किया जाएगा तो निश्चित रूप से भविष्य में होने वाले ओलंपिक में उत्तर प्रदेश से भी लड़के लड़कियां को प्रारंभ से तैयार होने में बल मिलेगा। इसमें स्कूलों की बहुत बड़ी भूमिका सिद्ध हो सकती है। साथ ही प्रारंभिक अवस्था से बच्चों में मानसिक शारीरिक विकास होगा।

## आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब के कारोबार करने वालों के खिलाफ की कार्रवाई




सुमित गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

पीलीभीत -तहसील अमरिया क्षेत्र के डियूनी डॉम पर अवैध शराब के साथ तीन तस्करों को अबकारी विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया गया है जिनके पास से 60 लीटर अवैध शराब और एक स्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई है।तीनों आरोपियों को कार्रवाई कर जेल भेजा गया है। तहसील क्षेत्र के डियूनी डॉम के पास अवैध शराब की तस्करी करने जा रहे 3 लोगों को आबकारी विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है। जिनके पास से एक बाइक और 60 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। प्रेम शंकर पुत्र बलदेव सिंह निवासी कस्बा न्यूरिया को गिरफ्तार किया गया है। प्रेमपाल पुत्र सुरेंद्र सिंह देवरनिया को गिरफ्तार किया गया है। हरविंदर सिंह निवासी देवरनिया को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपी अवैध शराब की बिक्री करने ले जा रहे थे। जिनको मुखबिर की सूचना पर आबकारी विभाग की निरीक्षक प्रियागनी मिश्रा ने अपनी टीम के साथ गिरफ्तार किया है। थाना अमरिया में लाकर कार्यवाही कर तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया है

## प्रेमिका के स्वजन ने किया था खुदकुशी को मजबूर

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अलीगढ़ इगलास कोतवाली क्षेत्र के गांव महुआ में 10 दिन पहले युवक द्वारा गोली मारकर खुदकुशी कर लेने की घटना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है मृतक के पिता ने खुदकुशी के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है गांव महुआ निवासी श्रीपाल के चार बेटों में अंकित उर्फ अंगद (20) सबसे छोटा था 15 अप्रैल की दोपहर को घर से बाहर पीपल के पेड़ के नीचे सुबह करीब 11बजे स्वयं को तमंचे से गोली मारकर खुदकुशी कर ली थी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था युवक गुड़गांव की प्राइवेट कंपनी में जॉब करता था मृतक के पिता का आरोप है कि उनका बेटा सगे भतीजे बबलू शर्मा की साली ज्योति शर्मा निवासी मथुरा रोड, लक्ष्मी नगर (अलीगढ़) से फोन पर बात करता था बबलू व इसका साला नवनीत विरोध करते थे फोन पर धमकी भी दी थी आरोप है कि ज्योति वह अंगद शादी करना चाहते थे इसका विरोध करते हुए सोनी शर्मा ,बबलू शर्मा ,मां अंजू देवी ,पिता उपेंद्र शर्मा ,भाई नवनीत शर्मा द्वारा उसको प्रताड़ित किया गया कॉल डिटेल निकाल कर कानूनी कार्यवाही की जाए कोतवाल रिपुदमन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है ,जांच करके कार्यवाही की जाएगी

## युवती से छेड़छाड़ में एसएसपी से शिकायत

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अकराबाद- थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी बहन के यहां आई एक युवती के साथ पड़ोस के ही एक व्यक्ति द्वारा छेड़खानी का मामला जानकारी में आया है इस मामले में पीड़िता के जीजा ने थाने में सुनवाई न होने पर एसएसपी ऑफिस पहुंचकर मामले की शिकायत की पीड़िता के जीजा ने आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी गर्भवती है और जल्द ही प्रसव होने को है उन्होंने घर के कामकाज के लिए साली को घर पर बुला लिया था पड़ोस का ही रहने वाला दबंग युवक उससे प्रतिदिन छेड़छाड़ करता है इसका विरोध करने पर वह मारपीट पर उतारू हो जाता है और जान से मारने की धमकी देता है कई बार युवक के परिजनों से भी इसकी शिकायत की है लेकिन वह हरकतों से बाज नहीं आ रहा है शिकायत सुनकर एसएसपी ने पीड़िता को कार्यवाही का भरोसा दिया है

## गोपी के निकट सुनार से बाइक सवार बदमाशों ने की लूटपाट

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-संसू, अकराबाद = सोमवार की देरशाम गोपी बिलावली रोड पर गांव बिचपुरी के निकट बाइक सवार बदमाश सुनार से बैग लूटकर फरार हो गए लूट की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची पीड़ित से घटना की जानकारी ले कर बदमाशों की तलाश की , लेकिन वह मौके से भाग जाने में कामयाब हो गए जनपद हाथरस के कस्बा सिकंदराराऊ निवासी सर्वेश कुमार की थाना अकराबाद के जीटी रोड पर स्थित गांव गोपी पर सोने-चांदी के आभूषण बनाने व बेचने की दुकान है सोमवार की देर शाम वह दुकान बंद कर गोपी बिलावली रोड पर गांव नहरपुर जा रहे थे आरोप है कि वह जैसे ही गोपी से 1 किलोमीटर दूर गांव बिचपुरी के पास पहुंचे तभी बाइक सवार बदमाशों ने उसकी बाइक ओवरटेक कर रोक ली और बैग लूट कर भाग गए सर्वेश कुमार के अनुसार बैग में कुछ जोड़ी पाजेब व दुकान की चाबी थी प्रभारी निरीक्षक संजीव त्यागी ने बताया है कि लूटपाट की बात संदिग्ध है पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश की जा रही है

# 80 लीटर नाजायज कच्ची शराब व नाजायज चाकू के साथ 06 गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया गया। थाना सिरसिया पुलिस द्वारा अभियुक्त राम गोपाल पुत्र जगराम निवासी मेड़किया थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती के कब्जे से 01 अदद नाजायज चाकू तथा अभियुक्त किशोरी पुत्र धनीराम निवासी डोमई थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती के कब्जे से 20 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सिरसिया पर मु0अ0सं0 84/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट व मु0अ0सं0 85/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना इकौना पुलिस द्वारा अभियुक्त विजयराज पुत्र मुन्ना निवासी चयपुरवा थाना इकौना नपद श्रावस्ती के कब्जे से 20 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना इकौना पर मु0अ0सं0 97/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना गिलौला पुलिस द्वारा अभियुक्त फौजदार पुत्र कर्मशेर निवासी दर्जीपुरवा थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती के कब्जे से 01 अदद नाजायज चाकू तथा अभियुक्तगण 1.बाउर पुत्र रामस्नेही निवासी पंचदेवरी माफी 2. फौजे पुत्र वीरजा निवासी रामपुर त्रिभौना थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती के कब्जे से क्रमशः 20-20 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना गिलौला पर मु0अ0सं0 44/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट व मु0अ0सं0 45,46/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया।

# 25000 का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- इकौना श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के कुशल निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने स्थानीय थाना पुलिस टीम के साथ वांछित तलास अपराधी ,वारंटी,/ जिला बदर अपराधी व रोकथाम जुर्म जरायम को लेकर क्षेत्र भ्रमण में गश्त करते हुए जा रहे थे । मुखबिर की सूचना पर मोहनीपुर तिराहे पर 2 वर्ष से चल रहा फरार अभियुक्त बलवा, गाली, गलौज, मारपीट जानलेवा हमला सहित अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमे मे वांछित इनामिया अपराधी ग्राम लोनियन पुरवा दा0 इटौंझा निवासी संजय पुत्र पारुल को मोहनीपुर तिराहा से गिरफ्तार कर जेल रवाना किया गया ।प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि अभियुक्त संजय चौहान अ0 सं0 237 /2020 का अभियुक्त था जो दो वर्ष से फरार चल रहा था । पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती की ओर से 19 अप्रैल 2022 को पच्चीस हजार रूपये की पुरस्कार देने की घोषणा की गई थी । गिरफ्तारी टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक सद्गुरु प्रसाद मिश्रा, हेड का0 बिनय यादव, का0 संदीप यादव, का0 साहिल शेख, का0 दीपक राय मौजूद रहे।

# भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ने दूसरे दिन भी भाग लिया



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा प्रशिक्षण बर्ग कार्यक्रम में दूसरे दिन भी भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह अपने महानगर की कमेटी के साथ उपस्थित हो गए इस प्रशिक्षण वर्ग मैं सरकार द्वारा दिए जा रहे हैं किसानों को योजनाओं के बारे में एवं मीडिया सोशल मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया यह बारे में पूरी जानकारी कार्यकर्ताओं को एवं पदाधिकारियों को दें आज इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष दिनेश चंद जी एवं पूरे ब्रज क्षेत्र मैं लोकप्रिय सांसद अलीगढ़ सतीश कुमार गौतम जी रूप से उपस्थित हुए आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के महानगर अध्यक्ष डॉ विवेक सारस्वत जी ने की इसका संचालन महानगर के महामंत्री भाजपा वैभव गौतम ने की इस कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह महानगर उपाध्यक्ष ठाकुर सत्येंद्र पाल सिंह भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष ठाकुर कुशल पाल सिंह पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों की तादात में भाग लिया इस भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग हो अलीगढ़ के लोकप्रिय सांसद सतीश कुमार गौतम जी कोल विधायक अनिल पाराशर जी कार्यक्रम को संबोधित किया भाजपा के अतिथि उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष श्री दिनेश चंद्र जी ने भी इस कार्यक्रम को संबोधित किया

# ट्रैक्टर मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर 5 घायल

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मल्हीपुर वीरगंज कथरामाफी निवासी अपने अपने मोटरसाइकिल से मिर्जापुर चौराहा पर होटल की दुकान सुबह 6 बजे जा रहे थे। जैसे ही जमुनहा बहराइच मुख्य मार्ग स्थित चिरैया बदला के पास चिरैया गांव के ट्रैक्टर बदला चौराहा से वापस चिरैया आ रहे थे। और वीरगंज बाजार निवासी बनवारीलाल पुत्र फूलचन्द्र उम्र 45 वर्ष, राजेश पुत्र बनवारीलाल उम्र 18 वर्ष, अखिलेश पुत्र बनवारीलाल उम्र 14 वर्ष, रामदीन पुत्र सुग्रीव उम्र 12 वर्ष, अशोक पुत्र सुग्रीव उम्र 10 वर्ष से ट्रैक्टर की चपेट में आने से पांचो लोग गम्भीर रूप से घायल हुए।वही ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। जिसे ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना पर पहुँचे ईएमटी अल्ताफ अहमद व पायलेट दिलीप कुमार ने सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में भर्ती करवाया जहाँ पर प्राथमिक उपचार के बाद बनवारीलाल, अखिलेश, रामदीन तीनो को जिला अस्पताल भिनगा रेफर और भिनगा से जिला अस्पताल बहराइच को रेफर किया। मौके पर पहुँचे बदला पुलिसचौकी प्रभारी इन्द्रसेन सिंह ने बात करने पर बताया घायलों की तरफ से कोई तहरीर नही मिला है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी

www.knlslive.com

# भगवानपुर भैसाही में राशन की दुकान के चयन को लेकर बैठक स्थगित



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भगवानपुर भैसाही मे काफी महीनों से कोटे की सरकारी राशन की दुकान निरस्त होने के बावजूद आज दिनांक 26 /4/ 2022 को गांव सभा की खुली बैठक बुलाकर कोटे का चयन होना था जिसमें ग्राम प्रधान की तबीयत अचानक खराब हो जाने से बैठक को अग्रिम आदेश तक स्थगित करना पड़ा यह जानकारी सप्लाई इंस्पेक्टर जमुनहा ने दिया और बताया कि अग्रिम आदेश तक कोटि का चयन स्थगित कर दिया गया है ।

# ई- जिला प्रबंधक के नेत्तित्व में जिले के लोकसेवा केंद्र, आधार ऑपरेटर, सी एस सी सेंटरों की बैठक ली




ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- परियोजना कार्यालय में ई- जिला प्रबंधक अभिषेक त्रिपाठी के द्वारा जिले के सभी आधार ऑपरेटर, लोकसेवा केंद्र, और सी एस सी सचालको की बैठक रखी गयी, सभी लोकसेवा केंद्र के अंतर्गत जो भी ऑनलाइन कार्य किए जाते है उनके संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।जो भी कार्य के लिए निर्धारित दस्तावेज है वो ही लगाकर आवेदन करने के निर्देश दिया गया है, अगर कोई गलत तरीके से आवेदन करता है . उसके खिलाफ उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। सभी ऑपरेटर को जो निर्धारित जगह दिया गया है, उस स्थान में बैठकर कार्य करने का आदेश दिया गया। और ऑनलाइन आवेदन के संबंध में प्रशिक्षण दिया है।

WWW.KNLSLIVE.COM

# बरसात के पहले नालियों की साफ-सफाई शुरू: कलेक्टर ने दिए निर्देश



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार नगर पंचायत गौरेला में नालियों की साफ-सफाई शुरू हो गयी है। कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा शहर की समस्त नालियों की साफ-सफाई मानसून के पूर्व किया जाना है। इसके लिए समयबद्ध अभियान चलाकर शहर के वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक की सभी नालियों की सफाई की जा रही है। इसके साथ ही मिशन क्लीन सिटी के तहत स्वच्छता दीदीयों द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण किया जा रहा है और नागरिकों को नाली, सड़को एवं अन्य खुले स्थानों पर कचरा नहीं डालने की समझाईस भी दी जा रही है।